# जागरण : गुना : अशोकनगर : शिवपुरी : राजगढ़ : ब्यावरा : उज्जैन

www.dainikjagranmpcg.com ✹ चाचौड़ा ✹ राघौगढ़ ✹ मुंगावली ✹ चंदेरी ✹ पोहरी ✹ कोलारस ✹ जीरापुर ✹ सारंगपुर ✹ बड़नगर ✹ नागदा भोपाल, 09 जनवरी 2026



**दैनिक जागरण**

समाचार व फोटो निम्न मेल पर भेजे।

jagranbiaora@gmail.com

94250-22183

E- पेपर के लिए इस साइट पर जाए www.dainikjagranmpcg.com

-: जिला कार्यालय :-

रोकस काम्प्लेक्स, पुराना अस्पताल परिसर, ब्यावरा (राजगढ़)


डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां बिना रायल्टी के ढो रहे भवन व रोड निर्माण सामग्री, हादसों की आंशका

# जिलेभर में भवन, सड़क और ईंट भट्टों का माल ढो रहे बिना नंबर के डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली, प्रशासन मौन

**जागरण, ब्यावरा**

शहर सहित आसपास के क्षेत्रों और नेशनल हाइवे पर इन दिनों बिना नंबर प्लेट वाले डंपर, ट्रैक्टर-ट्रॉली और ट्रक खुलेआम सड़कों पर दौड़ रहे हैं। इन वाहनों का उपयोग स्थानीय ठेकेदारों द्वारा निर्माण कार्यों में किया जा रहा है, लेकिन अधिकांश वाहनों पर न तो रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित हैं और न ही रॉयल्टी संबंधी जानकारी प्रदर्शित की गई है। प्रशासन और परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण यह लापरवाही आम बात बन चुकी है, जिससे हर समय सड़क हादसे का खतरा बना हुआ है। वहीं इन वाहनों पर रेडियम पट्टी भी नहीं लगी होती है। ऐसे में खराब होने या किसी कार्य से सड़क पर खड़े होने की दशा में पीछे से आने वालों को यह वाहन दिखाई नहीं देते और टक्कर हो जाती है। ऐसे हादसे जिले में हो चुके हैं, जिन पर पुलिस व प्रशासन ध्यान नहीं देता। लोगों ने बताया कि कई बार इन बिना नंबर वाले वाहनों के कारण गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। कई वाहन आगे नंबर लिखते हैं, जबकि पीछे जानबूझकर खाली छोड़ देते हैं, ताकि दुर्घटना होने पर उनकी पहचान मुश्किल हो सके। जिले में इन दिनों भोपाल-रामगंज मंडी रेल लाइन का काम जोरों पर चल रहा है। रेल लाइन में लाखों डंपर मलबा डाला जा रहा है। इसके लिए रेल लाइन की निर्माण एजेंसी के जगह-जगह बड़ी सं या में डंपर चल रहे हैं, उनमें से अधिकांश डंपरों के पीछे व आगे या फिर दोनों तरफ नंबर नहीं हैं। यह डंपर निर्माण स्थल के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों सहित हाइवे व प्रधानमंत्री सड़कों पर दौड़ रहे हैं, लेकिन जि मेदार सांठगांठ कर अनदेखी बरत रहे हैं।



## प्रशासन और परिवहन विभाग बरत रहा लापरवाही

ब्यावरा से राजगढ़ के बीच नेशनल हाइवे पर अवैध रूप से चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई नहीं होती है। पुलिस द्वारा समय-समय पर चालानी कार्रवाई की जाती है, लेकिन ऐसे वाहनों को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इससे सड़कों पर बिना नंबर और बिना रॉयल्टी वाले डंपर-ट्रॉलियों दौड़ती रहती हैं। यहां पर आरटीओ वाहन चैकिंग कार्रवाई होना चाहिए।

## क्रेशर मशीनें और ईंट पर लगे डंपर

जिले में इन डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से रेत, बजरी, गिट्टी और ईंट जैसी निर्माण सामग्री बिना रॉयल्टी के लाई जाती है। इससे यह पहचानना कठिन हो जाता है कि कौन सा माल वैध है और कौन सा अवैध। पुलिस समय-समय पर अभियान चलाती है, लेकिन कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रह जाती है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रभावशाली वाहन मालिकों और ठेकेदारों की मिलीभगत से नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। परिवहन और माइनिंग विभाग की लापरवाही भी अब सवालों के घेरे में है। ब्यावरा, पचोर, सारंगपुर, खिलचीपुर, सुठालिया सहित राजगढ़ तहसील क्षेत्र में आधा एक सेकड़ा से अधिक क्रेशर मशीनें और कई ईंट भट्टे संचालित हैं, लेकिन माइनिंग विभाग के कर्मचारी केवल रेत की रॉयल्टी जांच तक सीमित रहते हैं। इन पर कभी ठोस कार्रवाई नहीं होती।

## न्यूज कार्नर

### रैन बसेरे में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध

**राजगढ़।** प्रकाशित रैन बसेरा की स्थिति दयनीय शीर्षक खबर के संबंध में नगर पालिका परिषद राजगढ़ द्वारा वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। नगर पालिका परिषद राजगढ़ के अनुसार नेशनल हाईवे-52 पर विशाल होटल के सामने स्थित रैन बसेरा में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। रैन बसेरा में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था एवं अन्य कार्य हेतु पानी की व्यवस्थाएं गर्म पानी के लिए गीजर, रैन बसेरा में पर्याप्त एवं स्वच्छ बिस्तर की व्यवस्था, मनोरंजन हेतु टीवी, ठण्ड से बचाव हेतु रूम हीटर एवं अलाव, सफाई हेतु स्वीपर की व्यवस्था, केयर टेकर की व्यतवस्था की गई है। रैन बसेरा में स्वच्छता का ध्यान रखा जाता है एवं प्रति 10 दिवस में बिस्तरों के कवर व चादरों की धुलाई करवाई जाती है।

### नपा ने स्कूल रोड की नाली जेसीबी से कराई साफ



जीरापुर। नगर को साफस्वच्छ बनाने के उद्देष्य को लेकर नपा सीएमओ ने गुरूवार को नगर के विजया कान्वेंट रोड की नाली को जेसीबी से साफकराकर नाली मे जमा कुड़ कचरा हटाया ताकि नाली मे पानी की निकासी सुचारू हो सके और लोगों को परेशानी न हो। नगर के विजया कान्वेंट रोड पर बनी कालोनी मे जाने वाले रास्ते पर मिट्टी डाल देने से यहा की नाली काफी दिनों से चोक हो जाने से नाली का पानी अन्यत्र जा रहा था जिससे रहवासी परेशान हो रहे थे इसकी जानकारी जैसे ही नपा सीएमओ हरिओम शर्मा को लगी तो उन्होने गुरूवार को जेसीबी भेंजकर वहा की नाली मे भरा कुड़ा कचरा साफ कराया गया। इस संबंध मे नपा सीएमओ हरिओम शर्मा ने कहा कि नगर को साफ स्वच्छ बनाना नपा प्रशासन की पहली प्राथमिकता है नगर को साफ स्वच्छ बनाने के लिए आगे भी स्वच्छता अभियान सतत् जारी रहेगा ।

### नाली चेम्बर मरम्मत की गुणवत्ता पर उठे सवाल



**जीरापुर।** नगर बस स्टैंड के पास नाली के ऊपर बने चैंबर का नगर परिषद द्वारा मरम्मत कार्य कराया गया है जो महज तीन-चार दिनों में ही क्षतिग्रस्त हो गया है, ऐसे में आम लोगों ने इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए हैं। नगर के बस स्टैंड के पास नाली के ऊपर बना चैम्बर भारी वाहनों के निकलने से क्षतिग्रस्त हो गया जिसका मरम्मत कार्य नगर परिषद द्वारा कई बार किया गया इस चैम्बर का मरम्मत कार्य हालही में एक बार फिर नगर परिषद द्वारा कराया गया जो महज तीन-चार दिन में ही क्षतिग्रस्त हो गया, ऐसे में नगर के लोगों द्वारा इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

गोपन के जवाब से भागे हमलावरों की दो बाइकें छूटीं, पुलिस को सौंपी

# गडरियों पर हमला कर लूटीं 24 भेड़ें



**जागरण, ब्यावरा**

खिलचीपुर थाना क्षेत्र में राजस्थान से आए चरवाहों के एक डेरे पर बदमाशों ने दो बार हमला कर 24 भेड़ें लूट लीं। इस हमले के बाद चरवाहों का परिवार दहशत में हैं। जालोर जिले के पांचोटा गांव निवासी ईदूराम रेवारी ने पुलिस रिपोर्ट में बताया कि वे अपने मालिक की लगभग 1100 भेड़ें और 9 ऊंट लेकर दो माह से खिलचीपुर के ग्रामीण इलाकों में डेरा डाले हुए हैं। उनके साथ करीब 15 लोग हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। रोजी-रोटी के लिए भेड़ें चराने आए ये परिवार अब अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

उन्होंने बताया कि 3 जनवरी को, जब उनका डेरा गोपालपुरा गांव के पास था, तब 15 से 20 लोगों ने उन पर पत्थरों से हमला कर 20 भेड़ें चुरा लीं। डेरे में मौजूद लोगों ने अपनी जान बचाने के लिए पत्थर फेंके, जिसके बाद हमलावर भाग निकले। जाते समय उन्होंने अपने एक साथी को बिरम भागो कहते हुए आवाज दी। घटना के बाद ईदूराम ने उसी दिन खिलचीपुर थाने में एक व्यक्ति का नाम बताते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई और फिर वे अपना डेरा लेकर आगे बढ़ गए। उन्होंने बताया कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी हमलावरों का पीछा जारी रहा।


बुधवार को जब उनका डेरा सड़ियाकुआ रोड पर था, तब 15 से अधिक लोग एक बार फिर वहां आए पत्थरबाजी की। इस हमले में आरोपी 4 भेड़ें चुरा ले गए। बचाव में गोपन से पत्थर फेंके, जिससे हमलावर भाग निकले, लेकिन भागते समय उनकी दो बाइकें वहीं छूट गईं, जिन्हें खिलचीपुर पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस दूसरी घटना को लेकर भी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है।

### मानसिक प्रताड़ना पर पति पर केस दर्ज

**ब्यावरा।** सिटी थाना क्षेत्र के ग्राम कांचरी हाल मुकाम पटेल की बाड़ी निवासी फरियादी पूर्ति पति लखन विश्वकर्मा उम्र 22 साल ने पुलिस में पति के खिलाफ मानसिक पताड़ना और दहेज प्रताड़ता का मामला दर्ज कराया है। शिकायत में महिला ने उल्लेख किया है कि उसका पति लाखन विश्वकर्मा निवासी कांचरी दो साल से मानसिक रूप से मारपीट कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। महिला ने बताया कि पति ने शादी के बाद अच्छे रखा, लेकिन डेढ़ साल पहले जब उसकी तबीयत खराब हुई तो वह मायके छोड़ आया। इसके बाद वह लेने नहीं पहुंचा। इसको लेकर की गई शिकायत पर पुलिस ने लखन विश्वकर्मा पर दजेज प्रताड़ना का केस दर्ज कर मामले का जांच में लिया है।

### लड़की को लेकर मारपीट मामला दर्ज

**ब्यावरा।** शहर के जूना ब्यावरा क्षेत्र में एक लड़की को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इसमें एक वृद्ध को चोटें आई हैं। फरियादी ललित निगम पिता बालाप्रसाद निगम 52 साल जूना ब्यावरा ने बताया कि उसके साथ आरोपी मुकेश सोनी, संकेत सोनी एवं सचिन सोनी निवासी जूना ब्यावरा ने मारपीट की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।



# मिट्टी के ढेर से उछलकर 25 फीट दूर गड्ढे में गिरी स्कार्पियो

**कार में सवार ड्रायवर को आई चोटें, दूसरा बचा**

**जागरण, ब्यावरा**

गुरुवार को खिलचीपुर थाना क्षेत्र जालमपुरा गांव के पास बिजली ग्रिड के समीप एक स्कॉर्पियो कार अनियंत्रित होकर सड़क से उतर गई और मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद उछलते हुए करीब 25 फीट दूर गड्ढे में जा गिरी। हादसे में वाहन चालक के सिर में गंभीर चोट आई हैं, जबकि साथ बैठा व्यक्ति सुरक्षित बच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पचोर निवासी महेश गुप्ता अपने परिवार के साथ सफेद स्कॉर्पियो वाहन क्रमांक एमपी 09 सीएन 1471 से खिलचीपुर एक मृत्यु भोज कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम में जाने के बाद उनके ड्राइवर होकम चारण स्कॉर्पियो लेकर पास के बरुखेड़ी गांव में अपने मामा से मिलने चले गए। कुछ समय रुकने के बाद वह अपने रिश्तेदार अजय चारण को साथ लेकर वापस खिलचीपुर लौट रहे थे। इसी दौरान जालमपुरा बिजली ग्रिड के पास पहुंचते ही वाहन अचानक अनियंत्रित हो गया। तेज गति से सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर पर चढ़ने के बाद स्कॉर्पियो हवा में उछलती हुई सड़क से उतरकर 25 फिट दूर गड्ढे में पलट गई।

हादसे में खुजनेर थाना क्षेत्र के देवली गांव निवासी ड्राइवर होकम चारण के सिर में गंभीर चोट आई हैं, जबकि वाहन में सवार अजय चारण को कोई चोट नहीं आई।

### राहगीरों ने वाहन से निकाले कार सवार

हादसा के बाद राहगीर और आसपास मौजूद ग्रामीण ने तत्काल दुर्घटना के शिकार कार सारों की मदद की। वाहन में फंसे दोनों लोगों को बाहर निकाला और खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही वाहन मालिक महेश गुप्ता और उनका परिवार व रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए।

## प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद नपा की कार्रवाई, 100 किली पॉलीथिन जब्त



**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा शहर को पॉलीथिन के उपयोग, बेचने और भंडारण को प्रतिबंधित किया है। वहीं शहर को पॉलीथिन मुक्त बनाने के निर्देश दिए है। इस आदेश के बाद राजगढ़ नगर पालिका ने स त कदम हैं। बुधवार को नपा की टीम ने व्यापक जांच अभियान चलाया। सीएमओ पवन कुमार अवस्थी के नेतृत्व में टीम एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित दुकानों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर अचानक पहुंचकर चेकिंग की। इस दौरान कई दुकानों पर प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग और भंडारण पाया गया। टीम ने अलग-अलग व्यापारियों की दुकानों से 100 किलो से अधिक पॉलिथीन जब्त की, जिसे नियमानुसार नष्ट किया जाएगा। इसके साथ ही संबंधित व्यापारियों को भविष्य में पॉलिथीन का उपयोग न करने की कड़ी समझाईश दी गई।

## राजस्थान ले जा रहे 95 हजार की अवैध सागौन की लकड़ी व पिकअप वाहन के साथ तीन तस्करों को पकड़ा

**जागरण, सुठालिया**

पुलिस द्वारा बीती बुधवार की रात्रि को अवैध रूप से सागौन की लकड़ी परिवहन करते हुए एक पिकअप को वाहन को तीन युवकों के साथ वाहन चेकिंग के दौरान पकड़ा है जिसमें करीब 20 नग सागोन की सिल्ली के भरे हुए थे। एएसआई दुर्गा प्रसाद शर्मा ने बताया कि पिकअप क्रमांक आरजे 17 जीए 6483 बुधवार की रात्रि करीब 12.30 बजे मधुसुदनगढ़ की ओर से लेकर तीन आरोपी भगवान सिंह पिता राम चरण उम्र 20 साल निवासी खातीका पूरा थाना मनोहर थाना जिला झालवाड़ राजस्थान भूरालाल पिता फूल सिंह तंवर उम्र 23 साल निवासी ग्राम खातीकापूरा थाना मनोहर थाना जिला झालावाड़ राजस्थान एवं हरि सिंह पिता प्रेम सिंह तंवर उम्र 25 साल ग्राम सेमली भोज थाना चाचौड़ा जिला गुना तीनों उक्त पिकअप में 20 नग सागोन की सिल्ली कीमत 95 हजार रुपये भरकर राजस्थान की ओर ले जा रहे थे जिन्हें मुखबिर की सूचना पर बुधवार रात्रि 12.30 बजे के लगभग मऊ तिराहे पर वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने पकड़ा है वाहन को थाना परिसर खड़ा किया गया है एवं आरोपीगणों के विरूद्ध थाना सुठालिया में अप. क्र. 07/2026 धारा 303(2) बीएनएस 26, 52 भारतीय वन अधिनियम 1927, 5/16 म.प्र. वन उपज (व्यापार विनियम) अधिनियम 1969 का कायम कर विवेचना में लिया गया है। पिकअप सहित कुल कीमत पांच लाख 95 हजार का समान जब्त किया है। उक्त कार्रवाई में प्रधान आरक्षक रामगोपाल दांगी, विनोद यादव, आरक्षक रामराज सहित पुलिस कर्मियों का सहयोग रहा।



**कार्यवाही** ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था बाधित करने पर जल निगम ने की कार्रवाई

# एयर वॉल्व पर अतिक्रमण, टीम से की बदसलूकी, केस दर्ज

**जागरण, ब्यावरा**



जिले की मोहनपुरा वृहद सिंचाई परियोजना से किसानों के खेतों तक पानी पहुचाया जा रहा है, लेकिन नहर की पाइन लाइन के एयर वाल पर लोगों द्वारा अतिक्रमण एवं छेड़खानी करने से यह व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे मामले में जल निगम द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई कराई जा रही है। ऐसा ही मामला ब्यावरा ब्लॉक के तहत आने वाले बांकपुरा, कुशलपुरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना के तहत पेयजल पाइप लाइन के एक एयर वॉल्व पर आरोपी द्वारा अतिक्रमण कर जल आपूर्ति में बाधा उत्पन्न करने पर कार्रवाई की गई है। आरोपी द्वारा एयरवॉल पर अतिक्रमण करनेसे आसपास के गांवों में पेयजल सप्लाई प्रभावित हो रही है। विभाग द्वारा दी गई चेतावनी पर भी आरोपी ने अतिक्रमण नहीं हटाया। जब कार्यवाही के लिए टीम पहुंची तो उसने अधिकारी व कर्मचारियों से भी बदसुलूकी कर सरकारी कार्य में बाधा डाली। इस संबंध में जल निगम द्वारा आरोपी पर जुर्मना सहित दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है।

परियोजना प्रबंधकए बांकपुरा-कुशलपुरा समूह जल प्रदाय योजना ने बताया कि बादलखेड़ी निवासी मनोहरसिंह गुर्जर (संचालकए गुरु कृपा होटल) पचोर रोड द्वारा जल जीवन मिशन के एयर वॉल्व पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से पानी का दोहन किया जा रहा था। इस अतिक्रमण के कारण ग्राम बादलखेड़ी की टंकी (नपलिया खेड़ी) सहित आसपास के तीन ग्राम नपलिया खेड़ी, दामदिया एवं दुल्तारिया की पेयजल आपूर्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा कई बार संबंधित व्यक्ति को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए, लेकिन किंतु द्वारा न तो अतिक्रमण हटाया गया और न ही सहयोगात्मक रवैया अपनाया गया। उल्टा विभागीय कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गयाए जिससे शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। इस पर आरोपी पर धारा 152 बीएनएस व मप्र लोक संपत्ति नुकसान निवारण एवं वसूली अधिनियम 1984 के तहत आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। जल निगम एवं जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि शासकीय जल संरचनाओं पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमणए जल दोहन या नुकसान पहुँचाने की कार्रवाई सहन नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**महिलाओं के लिए सुनहरा अवसर रोजगार मेले में 25 कंपनियों द्वारा 2695 पदों पर होगा चयन : राजगढ़।** महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से 12 जनवरी सारंगपुर में आयोजित होने वाले रोजगार मेले में 25 प्रतिष्ठित कंपनियां के माध्यम से 2695 रिक्त पदों पर चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां शामिल होगी। जिससे महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान होगे।

## युवा संगम रोजगार मेला 12 को, तैयारियों पर हुई बैठक

**जागरण, जीरापुर**



आगामी 12 जनवरी को होने वाले युवा संगम रोजगार मेला सारंगपुर के लिए जनपद पंचायत जीरापुर परिसर में बुधवार को खिलचीपुर एसडीएम के मार्गदर्शन बैठक आयोजित की गई। इसमें जनपद पंचायत सीईओ, बीईओ, सीएमओ, संकुल प्राचार्य और तहसील के सभी पंचायतों के सचिव मौजूद रहे। प्राचार्य शासकीय आईटीआई जीरापुर ऋषभ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित युवा संगम में भाग लेने वाली कंपनीज एवं वैकेंसी की जानकारी दी गई। वहीं अभ्यर्थियों से अधिक से अधिक संख्या में युवा संगम रोजगाम मेले में शामिल होकर रोजगार प्राप्त करने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज कार्नर

### पानी के सैंपल लेकर करवाई जाँच, नपा का अभियान जारी



जागरण नागदा। पेयजल को लेकर नपा की टीम ने गुरुवार को अभियान के तहत मुक्तेश्वर मंदिर स्थित सम्पवेल की जली हुई मोटर को बदलने का काम किया है इसके साथ ही सी ब्लॉक में ट्यूबवेल पाइपलाइन रिपेयर कर पाइप बदले गए, जूना नागदा में लीकेज की समस्या को हल किया, भेरू चौक और पटेल गली में काम शुरू करवाया इसके साथ ही नपा की टीम ने वार्ड क्रमांक 35 से पेयजल के पांच नमूने लेकर जांच करवाई है जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को मिलेगी। जलकर सभापति प्रकाश जैन ने बताया कि पेयजल सप्लाई में लगातार शुद्ध और साफ पेयजल सप्लाई हो सके इस बात को ध्यान में रखकर नगर पालिका की टीम लगातार काम कर रही है गुरुवार को हमने सबसे पहले भार्गव कॉलोनी स्थित टंकी की सफाई का कार्य पूर्ण कर दिया है इसके बाद शुक्रवार से सप्लाई यथावत रहेगी इसके अलावा नपा की टीम ने मुक्तेश्वर महादेव पर की जो मोटर जल गई थी उसे बदलने का कार्य किया है।

### मकर संक्रांति पर पुलिस अलर्ट

जागरण नागदा। चाइनीज मांझे से गला कटने की गंभीर दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान संभावित खतरे को रोकने के लिए पुलिस पूर्णतः सतर्क होकर लगातार निगरानी बनाए हैं द्य चाइना डोर की बिक्री खरीदी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी द्य इधर नगर पालिका अध्यक्ष संतोष गहलोत ने भी चाइना डोर का उपयोग नहीं करने की अपील के साथ-साथ बिक्री खरीदी करने वालों पर कार्रवाई कर डोर को सख्ती से शहर में प्रतिबंधित करने की बात कही है। दरअसल पतंगबाजी के उत्साह में आमजन की सुरक्षा से कोई समझौता न हो।

# मुख्यमंत्री ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय युवा उत्सव का किया शुभारंभ

## उच्च शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन का संकल्प : उच्च शिक्षा मंत्री परमार



जागरण उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव का वर्चुअली शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश आज नई ऊर्जा, नए जोश और नए संकल्पों के साथ देश के अग्रणी राज्यों में अपनी अलग पहचान बना रहा है। इस आयोजन में शामिल युवा केवल सहभागी नहीं, बल्कि भविष्य के मध्य प्रदेश के सशक्त साझेदार हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय युवा उत्सव के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज दुनिया का सबसे युवा देश है और साथ ही सबसे तेजी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था भी बन रहा है। इस राष्ट्रीय विकास यात्रा में मध्य प्रदेश भी कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है और युवाओं की इसमें निर्णायक भूमिका है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को नई शिक्षा नीति मिली है जिसकी प्रतीक्षा दशकों से थी। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने इसे पूरी सक्रियता से लागू किया है।

उन्होंने ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2020 से नई शिक्षा नीति लागू की गई है। इसके चलते कौशल विकास, स्टार्टअप, स्वरोजगार और नवाचार को प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने कहा कि उद्योग और रोजगार वर्ष के अंतर्गत इस वर्ष लगभग 8.30 लाख करोड़ रुपए के भूमि-पूजन और लोकार्पण किए गए हैं, जिससे युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। कृषि क्षेत्र के बाद टेक्सटाइल उद्योग सर्वाधिक रोजगार देने वाला क्षेत्र है। कपास से लेकर धागा, कपड़ा और रेडीमेड गारमेंट्स तक का संपूर्ण उत्पादन तंत्र मध्य प्रदेश में विकसित किया जा रहा है। इससे किसानों, कारीगरों और उद्योग जगत को लाभ मिलेगा तथा प्रदेश के उत्पाद देश-विदेश तक पहुंच सकेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाना है। इस लक्ष्य को हासिल करने की जिम्मेदारी युवाओं के कंधों पर है। उन्होंने विश्वविद्यालयों से उद्योगों की जरूरत के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार करने का आग्रह किया, ताकि छात्रों को पढ़ाई के साथ ही रोजगार के अवसर मिल सकें।

मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के कुलगुरु और प्रशासन के सम्मुख एक महत्वपूर्ण विजन रखा। उन्होंने विश्वविद्यालयों के कुलगुरुओं से विशेष आग्रह किया कि कौशल-आधारित पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में ऐसे प्रोफेशनल और स्किल-आधारित पाठ्यक्रम लाए जाएं जो सीधे तौर पर उद्योगों की जरूरतों को पूरा करें।

### उच्च शिक्षा मंत्री ने रखा विजन डाक्यूमेंट

राज्य स्तरीय युवा उत्सव अभ्युदय के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इंदर सिंह परमार ने शिक्षा जगत के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं और भविष्य का विजन प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने ओजस्वी भाषण में न केवल विश्वविद्यालय के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का वादा किया बल्कि शिक्षा प्रणाली में किए गए ऐतिहासिक सुधारों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में एक अत्याधुनिक खेल स्टेडियम विकसित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने कुलगुरु को तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए और आश्वस्त किया कि शासन इसके लिए आवश्यक फंड की कोई कमी नहीं होने देगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता सुधार पर संबोधित करते हुए श्री परमार ने कहा कि अब तक चली आ रही 70:30 (थ्योरी और प्रैक्टिकल) की परीक्षा प्रणाली को अब संशोधित कर 50:50 कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब विद्यार्थी 50% समय प्रैक्टिकल स्किल ज्ञान को देगा, तभी वह उद्योग और स्वरोजगार के लिए तैयार हो पाएगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि पहले भारत के गौरवशाली इतिहास और वैज्ञानिक ज्ञान को पाठ्यक्रमों में उचित स्थान नहीं मिला था। अब नई शिक्षा नीति के माध्यम से हमारे प्राचीन गणितज्ञों, खगोलविदों और आयुर्वेद के ज्ञान को फिर से स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने घोषणा की कि आगामी वर्षों में युवा उत्सव में कोरियोग्राफी, मेहंदी और वीडियोग्राफी जैसे डिजिटल और रचनात्मक कौशलों को भी जोड़ा जाएगा ताकि कला के साथ-साथ रोजगार के द्वार भी खुलें। उन्होंने उपस्थित युवाओं को पर्यावरण की रक्षा के लिए प्लास्टिक का पूर्ण बहिष्कार करने, जल की प्रत्येक बूंद को बचाने, अनावश्यक बिजली का उपयोग नहीं करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में प्रधानमंत्री एक्सीलेंस कॉलेज की स्थापना की गई है, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सके। इसके साथ ही एग्रीकल्चर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक जैसे नए विषयों को पाठ्यक्रमों में शामिल कर मध्य प्रदेश को आधुनिक ज्ञान आधारित राज्य बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए गए हैं।

### भारतीय परंपरा ही हमारी वास्तविक पहचान व सुरक्षा का कवच

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बालयोगी श्री उमेशनाथ जी महाराज ने शिक्षा के वास्तविक अर्थ को स्पष्ट करते हुए कहा कि केवल डिग्री प्राप्त कर लेना ही शिक्षा नहीं है। उन्होंने कहा कि माता के प्रेम और आंचल से जुड़ी पहली शिक्षा ही बालक के जीवन की नींव होती है, जिसके बाद गुरु परंपरा के साथ मिलने वाली दीक्षा और शिक्षा उसके चरित्र का निर्माण करती है। महाराज श्री ने जोर देकर कहा कि प्राचीन काल में गुरु के 'गुरु मंत्र' से ही विद्यार्थियों में वह संस्कार जागृत किए जाते थे, जो उन्हें विपरीत परिस्थितियों में भी अडिग रहने की शक्ति देते थे। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में विधायक श्री अनिल जैन कालूहेडा, महापौर श्री मुकेश टटवाल, कुलगुरु डॉ. अमित कुमार शर्मा, कार्यपरिषद सदस्य श्री रुपचंद पमनानी भी मौजूद थे।

कार्यक्रम के प्रारंभ में श्री अभिषेक शुक्ला ने शिव वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का स्वागत कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. डी.एम. कुमावत ने किया। स्वागत भाषण प्रो. एस.के. मिश्रा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन श्री दिलीप तिवारी ने किया और आभार कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने माना।

### सांस्कृतिक शोभायात्रा में शामिल हुए विद्यार्थी

युवा उत्सव का शुभारंभ के पश्चात विश्वविद्यालय परिसर से टावर चौक तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में प्रदेश के 15 विश्वविद्यालयों के दल अपने ध्वजों के साथ शामिल हुए।

इस दौरान जनजातीय कला, लोक नृत्य, झांकियां और देवी-देवताओं (काली माता, शिव जी) के स्वरूपों ने मध्यप्रदेश की विविध संस्कृति को जीवंत कर दिया।

### विश्वविद्यालय भाषा जोड़ो अभियान में भागीदार बनेंगे

उच्च शिक्षा मंत्री ने घोषणा की कि राज्य के विश्वविद्यालयों में 13 भारतीय भाषाओं, तमिल, कन्नड़, मलयालम, मराठी, पंजाबी, बंगाली, गुजराती, असमिया, उड़िया, तेलुगु, सिंधी और मणिपुरी को पढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इसे क्रेडिट सिस्टम से जोड़ा जाएगा ताकि विद्यार्थी अन्य राज्यों की भाषा और संस्कृति से संवाद कर सकें। यह पहल राष्ट्रीय एकता और भाषाई समन्वय को सशक्त करेगी।

# सिंहस्थ में दो गुना से अधिक होगी पानी की खपत

## चार बड़े प्लांट और 500 किमी पाइपलाइन डालने की भी है योजना

जागरण उज्जैन। उज्जैन की जलापूर्ति व्यवस्था के अंतर्गत वर्तमान में शहर में जल शोधन क्षमता 151 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) है, इसे बढ़ाकर 400 एमएलडी करने के लिए कई योजनाएं मंजूर हुई है। सिंहस्थ के दौरान करोड़ों लोग शहर आएंगे और इस दौरान जलापूर्ति के लिए वर्तमान से दो गुना से अधिक पानी की आवश्यकता होगी।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में 6 लाख की आबादी वाला उज्जैन शहर गंभीर डेम के पानी पर आश्रित है। वर्तमान में उज्जैन की जल शोधन क्षमता 151 एमएलडी है। इसे बढ़ाकर 400 एमएलडी करने की कई योजनाएं मंजूर हुई है। अधिकारियों के मुताबिक यह विस्तार इसलिए जरूरी है क्योंकि शहर की वर्तमान आबादी करीब 6 लाख है, जबकि सिंहस्थ के दौरान लगभग 15 करोड़ श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने का अनुमान है। इतने बड़े जन दबाव को संभालने के लिए जल आपूर्ति ढांचे को मजबूत किया जाएगा।

### नए प्लांट व 17 टंकियां, बदली जाएंगी पुरानी लाइनें

योजना के तहत हरियाखेड़ी में 100 एमएलडी, अंबोदिया में 70 एमएलडी, गऊघाट में 30 एमएलडी सहित कुल चार बड़े वाटर ट्रीटमेंट प्लांट प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही 17 नई उच्च स्तरीय जल टंकियों का निर्माण और करीब 500 किलोमीटर लंबी पुरानी मेन पाइपलाइन को बदलने की तैयारी है। गंभीर बांध और शिप्रा नदी पर नए इंटकवेल भी इस परियोजना का अहम हिस्सा हैं।

### पुराने जल स्त्रोतों पर भी फोकस

जल संसाधन विभाग तथा पीएचई के अधिकारियों ने बताया कि योजना में जल स्त्रोतों को लेकर भी दीर्घकालिक रणनीति तय की गई है। वर्तमान में गंभीर, उंडासा और साहिबखेड़ी पर निर्भरता के साथ भविष्य में साहिबखेड़ी-सिलारखेड़ी जलाशय को जोड़े जाने का प्रस्ताव मंजूर हो चुका है। अनेक परियोजनाओं पर काम भी शुरु हो गया है। इसके अलावा जरूरत पडने पर नर्मदा नदी से पाइपलाइन द्वारा जल आपूर्ति की व्यवस्था भी योजना में शामिल है। इसके साथ ही नर्मदा-शिप्रा बहुउद्देशीय पाइपलाइन परियोजना से गंभीर की रॉ-वाटर लाइन जोडक़र गऊघाट तक पानी लाने की तैयारी भी की जा रही है।

# कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर एकदिवसीय कार्यशाला और व्याख्यान



जागरण नागदा। शासकीय कन्या महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया गया और इसी के तहत छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल के तहत एक काउंसलर की नियुक्ति की गई जो निश्चित समय अंतराल में छात्रों की समस्याओं पर परामर्श और समाधान प्रदान करेंगे। मानसिक स्वास्थ्य पर एकदिवसीय कार्यशाला और व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री आस्था श्रीवास्तव मनोवैज्ञानिक के रूप में उपस्थित थी उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्राओं को बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य की तरह ही मानसिक स्वास्थ्य भी महत्वपूर्ण होता है जिसका ख्याल रखा जाना जरूरी है मन से जुड़ी हुई समस्याओं को अक्सर लोग अनदेखा करते हैं और बाद में ये विकराल रूप धारण कर लेता है जबकि समय से इन्हें पहचान कर इससे संबंधित समस्या को दूर किया जाना जरूरी है. सुश्री आस्था श्रीवास्तव ने छात्रों से परिचर्चा करके सामान्य मनोवैज्ञानिक समस्याओं पर प्रकाश डाला और छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर दिए. भविष्य में गहन व्यक्तिगत परामर्श के लिए भी अपनी सेवाएं देने का उन्होंने आश्वासन दिया वरिष्ठ प्राध्यापक डीके बुधौलिया के अध्यक्षता में संपन्न उक्त कार्यशाला में संचालन डॉक्टर अर्चना करंदीकर ने किया और आभार डॉक्टर अलका चौहान ने माना इस अवसर पर प्राचार्य डॉ माधवी पाटीदार क्रीड़ा अधिकारी प्रोफेसर रचित चौहान ग्रंथपाल डॉक्टर विवेक अग्रवाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित था।

# शत्रुंजय महातीर्थ पालीतणा की चौविहार छठ करके 7 यात्रा पूर्ण होने पर निकाली बहुमान यात्रा



जागरण महिदपुर। महिदपुर रोड़ नगर के वरिष्ठ सुश्रावक भेरूलाल बोथरा के पौत्र एवं संतोष आशा बोथरा के सुपुत्र अंकित बोथरा ने शत्रुंजय गिरिराज पालीताणा महातीर्थ की चौविहार छठ करके 7 यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न की, यात्रा की संपन्नता पर भेरूलाल संतोष कुमार माणक कुमार बोथरा परिवार द्वारा गुरुवार को श्री राजेंद्र सूरी ज्ञान मंदिर से सात यात्रा के तपस्वी अंकित बोथरा की यात्रा के निमित्त बहुमान यात्रा निकाली गयी ।जिसमें सकल श्रीसंघ ने उपस्थित होकर तपस्वी के तप की बारंबार अनुमोदना कर पुण्य का उपार्जन किया। बहुमान यात्रा भगवान आदिनाथ के मंगलकारी जयकारों के साथ बोथरा निवास पर पहुंची वहां पर सकल जैन श्री संघ एवं सभी समाजजनों द्वारा।

यात्रा के तपस्वी अंकित बोथरा का स्वागत बहुमान किया गया। लाभार्थी भेरूलाल बोथरा परिवार द्वारा उपस्थित महानुभाव का कुमकुम अक्षत से अभिवादन कर संघ पूजा की गई। साथ ही विधायक बोस के निवास स्थान पर भी रमेश चंद दिनेश जैन बोस, राजेशकुमार, मनोजकुमार, राहुल कुमार बोथरा परिवार द्वारा तपस्वी का बहुमान एवं संघ पूजा की गई। जैन धर्म में 7 यात्रा का अत्यधिक महत्व है यह यात्रा 2 दिन के चौ विहार उपवास करके बिना अन्न जल को ग्रहण किये। हजारों सीढ़ीयों को सात -सात बार चढ़ते उतरते हुए अत्यंत दुर्लभ महा प्रभावशाली मोक्षदायिनी यात्रा पूर्ण की जाती है। शास्त्रों में कहा जाता है कि उत्कृष्ट विधि एवं उत्कृष्ट क्रिया के साथ अगर शत्रुंजय महातीर्थ की 7 यात्रा की जाती है।

तो तीसरे भव में मोक्ष प्राप्ति की प्रबल संभावना होती है। शत्रुंजय महातीर्थ की यात्रा केवल एक तीर्थयात्रा नहीं, बल्कि स्वयं को जानने, तपस्या करने और कर्म बंधनों से मुक्ति पाने का एक पवित्र एवं शक्तिशाली माध्यम है। इस मंगलकारी अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, जैन श्री संघ अध्यक्ष अजय चोरड़िया सकल जैन श्री संघ, समाज एवं नगर के आमंत्रित वरिष्ठ महानुभाव, नवयुवक, महिला, बहू,तरुण, बालिका परिषद में उपस्थित होकर तपस्वी के तप की अनुमोदना की, उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# युवा कांग्रेस ने फूंका मंत्री विजयवर्गीय का पुतला



जागरण महिदपुर। इंदौर में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण 18 निर्दोष नागरिकों की मौत एवं सैकड़ों लोगों के गंभीर रूप से बीमार होने की हृदयविदारक घटना, साथ ही इस गंभीर मामले में प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए गैर-जिम्मेदार एवं असंवेदनशील बयानों के विरोध में युवा कांग्रेस महिदपुर विधानसभा द्वारा जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया।

यह विरोध प्रदर्शन युवा कांग्रेस महिदपुर विधानसभा अध्यक्ष शैलेन्द्रसिंह डोडिया के नेतृत्व में घोंसला स्थित महाबली चौपाटी पर आयोजित किया गया, जहां प्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतकों को न्याय दिलाने की मांग की। इस अवसर पर महिदपुर युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, युवा नेता शाहरुख मेव, राजेश जाट, अरशद मंसुरी, सुमित राठौड़, अजित मंसुरी, पंकज यादव, राजा परवान, भूरा मंसुरी, अजर खान, राजू वर्मा, रणछोड़ जाट, सुमेर गुजराती, जहीद मेव के साथ ही कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस ने मांग की कि इस घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों एवं दोषी व्यक्तियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए तथा मृतकों के परिजनों को शीघ्र न्याय एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। युवा कांग्रेस ने स्पष्ट किया कि जब तक पीड़ित परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

# नापतौल विभाग ने बनाए 166 प्रकरण 47 लाख से अधिक का राजस्व मिला

## राजीनामा में ही साढ़े तीन लाख से अधिक की वसूली

जागरण उज्जैन। वित्तीय वर्ष 2025-26 में नापतौल विभाग ने वजन में गड़बड़ी, बगैर सत्यापित कांटा बाट रखने सहित अन्य नियमों का पालन नहीं करने पर बीते 9 महीनों में कुल 166 प्रकरण बनाए हैं तथा संबंधित व्यापारियों से 47 लाख रुपए से अधिक का राजस्व वसूला हैं। इतना ही नहीं विभाग ने राजीनामा करने वाले व्यापारियों से साढ़े 3 लाख से अधिक की वसूली की है।

नापतौल विभाग के अधिकारी संजय पाटनकर ने बताया कि विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 अप्रैल से लेकर 31 दिसंबर के बीच कुल 166 प्रकरण दर्ज किए हैं। इस अवधि में विभाग को लगभग 47 लाख 71 हजार 928 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ हैं, इसके साथ ही राजीनामा में 3 लाख 51 हजार 500 रुपये की वसूली की गई है।

उन्होंने बताया कि जिले में किसी भी प्रकार से नियमों का उल्लंघन करने वाले कारोबारियों का बख्शा नहीं जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों की टीम लगातार छापामार कार्रवाई करती रहती है। उपभोक्ताओं को भी ध्यान रखना चाहिए कि कोई भी उसे ठगने का प्रयास करें तो उसकी शिकायत करें। श्री पाटनकर ने बताया कि उपभोक्ता को अपने अधिकारियों का उपयोग करना चाहिए। सामान लेते वक्त पैकेट पर एमआरपी, पैकिंग दिनांक, कस्टमर केयर नंबर, घोषणा, कस्टमर केयर नंबर, प्रोडक्ट डिटेल आदि का उल्लेख होना चाहिए। इसी प्रकार खासकर मिठाई तौलते वक्त बॉक्स का वजन नहीं तौला जाना चाहिए। ऐसी बातों का ध्यान रखकर उपभोक्ता अपने हितों का संरक्षण कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी होती है तो इसकी सूचना नापतौल विभाग को देना चाहिए।

### शहर में पकड़े गए सबसे ज्यादा दुकानदार..

उल्लेखनीय है कि कम तौल या पदार्थ की पैकेट पर निर्धारित जानकारी नहीं लिखने पर नापतौल विभाग कार्रवाई करता है। ऐसे में 5 हजार से 25 हजार रुपए तक जुमनि का प्रावधान है। इस वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल 2025 से अब तक कुल 166 अपराध प्रकरण दर्ज किए गये है। उज्जैन शहर में प्रमुख संस्थानों के जिसमें सब कुछ इंटरप्राइजेज, महामंगल किराना, राधारानी स्वीट्स, अंशु किन्तु नमकीन, वृंदावन रेस्टोरेंट, बांसुरीवाला नमकीन एंड स्वीट्स आदि दुकानों पर कार्रवाई की गई है।

# शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए दीपिका जाट का चयन



जागरण तराना। नगर के मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल तराना की छात्रा दीपिका जाट पिता नागुलाल जाट निवासी ग्राम बड़सिमा का चयन 69वीं राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो आगामी दिवस में (आंध्रप्रदेश) के गुड़िवाड़ा में 19 से 23 जनवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। दीपिका 14 वर्षीय बालिका वर्ग में कबड्डी खिलाड़ी हैं और उन्हें प्री-नेशनल कोचिंग कैम्प में शामिल होने का अवसर मिला है, जो 12 से 16 जनवरी 2026 तक जिला शिक्षा अधिकारी खण्डवा द्वारा आयोजित किया जाएगा।

संस्था के डायरेक्टर सत्यनारायण पाटीदार स्कूल के प्राचार्य आशीष पाटीदार ने दीपिका के चयन पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा दीपिका की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय को गर्व है। हम उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और हमारे विद्यालय कि बालिका को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। स्कूल के खेल शिक्षक अंसार खान ने कहा दीपिका की इस सफलता से विद्यालय का खेल विभाग उत्साहित है। हम उसके प्रशिक्षण में पूर्ण सहयोग देंगे और उसे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेंगे। मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल परिवार ने भी दीपिका को बधाई देते हुए कहा हमारे विद्यालय में खेलों को विशेष महत्व दिया जाता है। दीपिका की इस सफलता से विद्यालय का नाम रोशन हुआ है। हम प्रशिक्षण और प्रतियोगिता के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे। तराना के ग्राम बड़सिमा ग्रामीण क्षेत्र से एक किसान की बेटी दीपिका जाट को राष्ट्रीय शालेय कबड्डी प्रतियोगिता में चयनित होने पर समाज सहित तराना नगर के गणमान्य नागरिको ने दीपिका जाट को नगर और समाज का नाम गौरवांवित करने के लिए बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की ।

# शिवांगी परिसर मामला : हाईकोर्ट के फैसले को हाउसिंग बोर्ड सुप्रीम कोर्ट में देगा चुनौती

## इंदौर रोड स्थित गोयलाखुर्द की 3.093 हेक्टेयर भूमि से जुड़े विवाद की 23 जनवरी को सुनवाई

जागरण उज्जैन। शिवांगी परिसर आवासीय योजना से जुड़े बहुचर्चित भूमि अधिग्रहण प्रकरण में अब सुप्रीम कोर्ट में अंतिम कानूनी लड़ाई शुरू होने जा रही है। हाउसिंग बोर्ड ने इंदौर हाईकोर्ट के 3 जून 2024 के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) दायर की है। इस याचिका पर सुनवाई आगामी 23 जनवरी को होगी।

उल्लेखनीय है कि यह मामला इंदौर रोड स्थित गोयलाखुर्द क्षेत्र की कुल 3.093 हेक्टेयर भूमि से जुड़ा है, जहां हाउसिंग बोर्ड द्वारा शिवांगी परिसर आवासीय योजना विकसित की जा रही थी। योजना के अंतर्गत 2.888 हेक्टेयर भूमि पर करीब 47 करोड़ 71 लाख रुपये की लागत से 69 एमआईजी, 7 एलआईजी और 22 ईडब्ल्यूएस आवास प्रस्तावित थे। इसके अतिरिक्त 5445 वर्गमीटर क्षेत्र में 62 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से बहुमंजिला भवन निर्माण का भी भूमि पूजन किया जा चुका था।

### किसानों की याचिका से पलटा मामला

निर्माण कार्य प्रारंभ होने के कुछ समय बाद ही 22 किसानों ने भूमि अधिग्रहण की वैधता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया। किसानों का तर्क था कि जिस उद्देश्य से भूमि अधिग्रहित की गई थी, उसका उपयोग बदल दिया गया। सुनवाई के बाद इंदौर हाईकोर्ट ने अधिग्रहण की पूरी प्रक्रिया को निरस्त कर दिया और किसानों को दो सप्ताह के भीतर जमीन का कब्जा लौटाने के आदेश दिए। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में यह भी स्पष्ट टिप्पणी की थी कि जिस भूमि का अधिग्रहण वृद्धाश्रम के उद्देश्य से किया गया था, उस पर आवासीय कॉलोनी विकसित करना उद्देश्य परिवर्तन की श्रेणी में आता है, जो विधिसंगत नहीं है।

### निवेशकों और परियोजना को लगा झटका

हाईकोर्ट के फैसले से न केवल हाउसिंग बोर्ड को बड़ा झटका लगा, बल्कि शिवांगी परिसर में आवास पाने के लिए राशि जमा कर चुके 29 निवेशकों की उम्मीदों पर भी पानी फिर गया।

निर्माण कार्य कर रही भोपाल की संजना कंस्ट्रक्शन कंपनी ने काम बंद कर साइट छोड़ दी थी। बाद में बोर्ड ने हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन दायर की, जिस पर 24 जून 2024 को यथास्थिति बनाए रखने का अंतरिम आदेश मिला।

### अब सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद

हाउसिंग बोर्ड के कार्यपालन यंत्री एनके गुप्ता के मुताबिक अब सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। जिस पर आगामी 23 जनवरी को सुनवाई होना है। इधर जानकारों का कहना है कि यदि शीर्ष अदालत से बोर्ड के पक्ष में फैसला आता है तो परियोजना को दोबारा गति मिल सकती है और निवेशकों को भी बड़ी राहत मिलेगी। हालांकि लंबी न्यायिक प्रक्रिया के चलते परियोजना की समय-सीमा और लागत दोनों के बढने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

### ये है प्रकरण की पूरी पृष्ठभूमि

- 22 किसानों ने भूमि अधिग्रहण को हाईकोर्ट में दी चुनौती
- इंदौर हाईकोर्ट ने अधिग्रहण को बताया अवैध
- उद्देश्य परिवर्तन को माना कानून के खिलाफ
- किसानों को जमीन का कब्जा लौटाने के दिए थे आदेश
- 24 जून 2024 को रिव्यू पिटीशन पर यथास्थिति का आदेश

# विशेष गहन पुनरीक्षण 9 व 10 जनवरी 26 को

जागरण महिदपुर । भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दिनांक 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के अन्तर्गत दिनांक 9 एवं 10 जनवरी 2026 को विधानसभा क्षेत्र महिदपुर 213 के महाविद्यालयों, हायर सेकेण्डरी स्कूलों एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थानों में विशेष केम्प आयोजित किया जाएगा आयोग के नियम निर्देशों के अनुसार मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए अजय हिंगें रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं महिदपुर द्वारा विशेष केम्प के लिए विधानसभा क्षेत्र 213 महिदपुर में 2 शासकीय महाविद्यालयों, 14 शासकीय एवं 11 अशासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया तथा के माध्यम से प्राप्त आवेदनों फार्म-6 को मय घोषणा पत्र ऑन लाइन किये जाने हेतु निर्देशित किया। समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कोई भी पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से वंचित न रहे ।

# महाराष्ट्र से 36 मजदूर सकुशल वापिस

## पुलिस ने सभी मजदूरों को खिलाया खाना, बिचौलियों की तलाश में पुलिस



**जागरण मुंगावली।** विधानसभा क्षेत्र के कई मजदूरों को महाराष्ट्र में मजदूरी करने के लिए लगभग एक महीने पहले ले जाया गया था जहां मजदूरों को बिना मजदूरी के काम कराने के साथ ही मजदूरों को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया था और उनके परिजनों ने पूर्व मंत्री ओर विधायक बृजेंद्र सिंह यादव से गुहार लगाई थी फिर विधायक के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कुछ मजदूरों को लाया गया था।

जिसमें उन मजदूरों के परिवारों के सदस्य खुशी से झूम उठे थे तो बही पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मंगलवार को बाक़ी 36 मजदूरों को भी पुलिस अधीक्षक की तत्परता से महाराष्ट्र के धारावी जिला अंतर्गत थाना बासी गांव में बंधक बना लिए गए थे जिसमें इन सभी मजदूरों को 500 रुपए प्रतिदिन से इनका बिचौलिया रिज़वान के द्वारा मजदूरों की राशि लेकर रख ली गई तो बही महाराष्ट में मजदूरों से गन्ने काटने का काम करवाया जा रहा था बहा पर इनको बंधक बना लिया गया था और जब मजदूरों ने अपने घर आने का प्रयास किया तो आने भी नहीं दिया जा रहा था।

जिसमें अशोक नगर की पुलिस की तत्परता से ओर महाराष्ट्र की पुलिस से मदद से अन्य सभी मजदूरों को वापिस घर ले आई है, बहादुरपुर थाने से एवं मुंगावली थाने से टीम बनाकर सम्बंधित स्थान पर भेजा गया ओर सभी मजदूरों को अपने घर सुरक्षित लाया जाए जिसमें मुंगावली थाने से एएसआई राम सिंह बहादुरपुर थाने से उपेन्द सहित टीम का सोमवार को रवाना किया गया जो कि मंगलवार को महाराष्ट्र पहुंचकर वासी थाने के सहयोग से लगभग 200 किलोमीटर जिस गांव में जिस व्यक्ति के पास बंधक थे पुलिस के द्वारा धमकाया गया ओर बहा से छुड़ाया गया।

**बिचौलियों को पुलिस के द्वारा किया जा रहा है तलाश:** बता दें कि महाराष्ट में बंधक बनाए गए मजदूरों के अमानवीय तरीके से मजदूरी कराने ओर इन मजदूरों की मजदुरी की राशि को गायब करने और मजदूरों को ना देने के वाले बिचौलियों के साथ साथ महाराष्ट में बंधक बनाए गए व्यक्ती की अशोक नगर पुलिस के द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है जल्द ही बड़ी कार्यवाही के साथ इन सबको पुलिस के द्वारा पकड़ने की कार्यवाही की जाएगी जिनकी तलाश पुलिस कर रही है।

**अपने खर्चे पर लेकर आई पुलिस:** महाराष्ट में बंधक बने मजदूरों के लिए पुलिस का मानवीयता चेहरा भी सामने आया है क्योंकि महाराष्ट में फंसे मजदूरों को जब पुलिस लेने गई तो वह उनके आने जाने का खर्चा पुलिस ने उठाया साथ ही मजदूरों को पुलिस ने खाना भी खिलाया जिसके बाद उक्त मजदूर अपने आप को महफूज महसूस करने लगे और घर सुरक्षित वापिस आए।

# आठ दिन की छुट्टी के बाद खुले स्कूल

**जागरण अशोकनगर।** जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर चलने के रात के अलावा दिन में भी शीतलहर चल रही है। इस कारण लोगों को हाड़ कंपा देने वाली ठंड झेलनी पड़ रही है। स्कूली छात्र-छात्राओं को ठंड के प्रकोप से बचाने के लिए के लिए प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा जिले में संचालित स्कूलों की छुट्टी कर दी थी। उल्लेखनीय है कि जिले में 31 दिसंबर से चार जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित किया गया था।

# मंडी तौल को लेकर व्यापारियों का अल्टीमेटम, खरीदी बंद करने की चेतावनी



**जागरण मुंगावली।** कृषि उपज मंडी समिति मुंगावली में मंडी तौल व्यवस्था को लेकर व्यापारियों में आक्रोश व्याप्त है। मंडी प्रशासन की पिछली बैठक, जो एसडीएम एवं एसडीओ की उपस्थिति में मंडी कार्यालय में आयोजित हुई थी उसमें दिए गए निर्देशों का अब तक पालन नहीं होने से व्यापारियों में असंतोष बढ़ता जा रहा है।

बैठक में मंडी प्रशासन के निर्देशानुसार व्यापारियों द्वारा अपने तौल कांटे,बारदाना सहित अन्य अनाज सामग्री टीनशेड से हटा ली गई थीं जिससे वर्तमान में टीनशेड पूरी तरह खाली पड़े हैं। बैठक के दौरान व्यापारियों ने यह मांग रखी थी कि जिन व्यापारियों के फड़ के लिए जगह नहीं है उन्हें टेंडर प्रक्रिया कराकर फड़ के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएं साथ ही यह भी प्रस्ताव रखा गया था कि जब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक उन्हें अस्थायी रूप से किराए पर जगह उपलब्ध कराई जाए, ताकि मंडी तौल का कार्य सुचारु रूप से चलता रहे। व्यापारियों के अनुसार, बैठक में अधिकारियों द्वारा दो दिवस के भीतर प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन आज दिनांक तक इस विषय में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। इससे मंडी में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो रही है और किसानों व व्यापारियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में गुरुवार को अनाज तिलहन व्यापारी संघ मुंगावली के अध्यक्ष देवेंद्र सराफ के नेतृत्व में मंडी व्यापारियों ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र अस्थायी व्यवस्था कराने की मांग की। व्यापारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे 12 जनवरी सोमवार से मंडी में अनाज खरीदी बंद कर देंगे। अब देखना यह होगा कि मंडी प्रशासन व्यापारियों की मांगों पर क्या रुख अपनाता है और मंडी तौल व्यवस्था को लेकर कोई ठोस निर्णय लेता है या नहीं।

**हड़ताल से त्यौहार पड़ेगा फीका:** यदि व्यापारियों ने सोमवार से कृषि उपज मंडी बंद रखी ओर हड़ताल पर चले गए तो मंडी बंद होने से जहा संक्रांति का त्यौहार फीका पड़ सकता है, क्योंकि यह त्यौहार अधिकांश ग्रामों में मनाया जाता है मंडी बंद होने से इसका असर सीधा दिखाई देगा साथ ही संक्रांति के बाद शादी की सीजन भी शुरू हो जाएगा, जिससे किसानों के लिए मंडी बंद होने से समस्या आ जाएगी और यदि व्यापारियों की मांग नहीं मानी गई तो यह आने वाले समय में प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा।

**इनका कहना है...**

व्यापारियों द्वारा जो मांग की गई हैं उसके लिए आगामी दिनों में सभी पक्षों के साथ बैठक कर उचित समाधान निकाला जाएगा।

**-इसरार खान, अनुविभागीय अधिकारी मुंगावली**

# करीला मेला तैयारियों के संबंध में कलेक्टर ने देखी व्यवस्थाएं



**जागरण अशोकनगर।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां जानकी माता मंदिर करीला धाम पर आगामी 8 मार्च को रंगपंचमी के अवसर पर तीन दिवसीय वार्षिक मेला का आयोजन किया जाएगा। करीला मेला के आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में कलेक्टर श्री आदित्य सिंह ने बुधवार को करीला धाम पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

इस दौरान करीला पहुंच मार्गों पर बने पार्किंग स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्किंग स्थाल पर आवश्य क व्यवस्थाएं पेयजल, विद्युत, सुरक्षा, आवागमन,साफ सफाई के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पार्किंग एवं दुकानों हेतु टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि करीला धाम आने वाले वीआईपी मूवमेंट की उचित व्यवस्था रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने करीला में चल रहे निर्माण कार्य को समय सीमा में पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने पेयजल, लाइट, साफ -सफाई के उचित प्रबंध रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंदिर परिसर के अतिक्रमण को हटाए जाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने मेला परिसर की सड़कों को पक्का किये जाने तथा रोड के दोनों ओर आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुकान न लगाये जाने के संबंध में सख्त निर्देश दिये ।साथ ही उन्हों ने कौंचा डेम पहुंचकर होमगार्ड जवानों की तैनाती किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कौंचा डेम बैरीकेटिंग एवं पानी के रिसाव को ठीक किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि मेला को सेक्टेरों में विभाजित किया जाये जिससे अगली बैठक सेक्टेरवार समीक्षा की जाए सके।

# थाना कचनार ने दो दिन के भीतर किया नाबालिग को दस्तयाब

**जागरण अशोकनगर।** जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को गुमशुदा बालक-बालिकाओं की त्वरित दस्तयाबी हेतु गंभीरतापूर्वक अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इनके अनुपालन में थाना कचनार पुलिस ने मात्र 48 घंटे के भीतर नाबालिगा बालिका को सकुशल दस्तयाब करते हुए आरोपी को भी गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 5 जनवरी 2026 को फरियादी द्वारा थाना कचनार में उपस्थित होकर अपनी 16 वर्ष 6 माह की नाबालिग बालिका के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिस पर थाना कचनार में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी कचनार उपनिरीक्षक पूनम सेलर को त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी द्वारा टीम गठित कर साइबर सेल से प्राप्त तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर नाबालिग की तलाश प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने सतर्कता एवं तत्परता से कार्यवाही करते हुए 7 जनवरी 2026 को भादौन के पास से नाबालिगा बालिका को आरोपी बलराम पिता अप्पू कुशवाह उम्र 22 वर्ष निवासी सराय आमखेड़ा थाना मुगलसराय जिला विदिशा के कब्जे से दस्तयाब किया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध सुसंगत धाराओं का इजाफा किया गया है जिसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस सराहनीय कार्यवाही में थाना प्रभारी कचनार उप निरीक्षक पूनम सेलर, सहायक उप निरीक्षक तेज सिंह, प्रधान आरक्षक, आशीष, आरक्षक केरन सिंह, दिनेश, सुनील, विजय, अंगार सिंह, महिला आरक्षक मालती तथा साइबर सेल से संजय गुप्ता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## न्यूज कार्नर

### परिषद द्वारा प्रतिदिन सख्ती से चलाया जा रहा वसूली अभियान



**जागरण मुंगावली।** नगर परिषद सीएमओ विनय कुमार भट्ट के निर्देश पर नगर में प्रतिदिन सख्ती से वसूली अभियान नगर के प्रत्येक वार्ड में चलाया जा रहा है। वसूली के लिए दल गठित किए गए हैं जो प्रतिदिन घर घर जाकर नल टैक्स एवं समेकितध् संपत्ति कर की रसीद चैक कर रहे हैं टैक्स जमा न होने पर नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही निरंतर जारी है एवं बकायादारों को दोबारा नल कनेक्शन नहीं दिया जाएगा। समेकित/संपत्ति कर जमा न होने पर संपत्ति कुर्की की कार्यवाही की जाएगी। गुरुवार को भी वसूली टीम द्वारा नगर के किरमानी मोहल्ला, खटीक मोहल्ला गोंडपुरा आदि में वसूली कार्यवाही की गई जिसमें बकायादारों से जल कर 42 हजार रूपये एवं समेकित/संपत्ति कर 18000 हजार रूपये वसूला गया। वसूली कार्यवाही में नगर परिषद से जलकर वसूली प्रभारी नवेद काजी के साथ राजकुमार विश्वकर्मा, शैलेष अग्रवाल, धानसिंह मोगिया, वीरू करोसिया, प्रेमनारायण नरवरिया, श्रीराम चिढ़ार, धर्मेन्द्र पंडा आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यातायात पुलिस ने लगाए लोडिंग वाहनों पर रेडियम स्टीकर

**अशोकनगर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशन में माह जनवरी को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिला अशोकनगर के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारीगण को यातायात जागरूकता अभियान चलाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे।

### खुटेला के पास दिखी बाघिन खेत सूने, गांव सहमे

**जागरण, शिवपुरी।** बुधवार को उस वक्त दहशत का माहौल बन गया, जब माधव टाइगर रिजर्व से बाहर निकली बाघिन एमटी-6 सुरवाया क्षेत्र के खुटेला गांव के पास हाईवे किनारे बैठी नजर आई। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क किनारे बैठी बाघिन को देखकर राहगीरों की सांसें थम गईं। काफी देर तक बाघिन वहीं मौजूद रही, जिससे हाईवे से गुजरने वाले लोग अपने वाहनों में ही दुबक गए। सतर्कता बरतते हुए लोगों ने कार और बाइक के भीतर से ही बाघिन के वीडियो बनाए। कुछ ही देर में ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों का कहना है कि अब बाघ जंगलों तक सीमित नहीं रहे, बल्कि गांवों और सड़कों तक पहुंच चुके हैं। बाघिन की मौजूदगी की खबर मिलते ही सुरवाया पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को नियंत्रित किया गया। वहीं माधव टाइगर रिजर्व प्रबंधन और सामान्य वन मंडल की ट्रैकिंग टीम ने पूरे दिन बाघिन की हर गतिविधि पर नजर बनाए रखी। वन विभाग के अनुसार एमटी-6 पिछले करीब पांच दिनों से सुरवाया क्षेत्र में ही घूम रही है और रिहायशी इलाकों के आसपास दिखाई दे रही है। बीते आठ दिनों में बाघिन से जुड़े दो गंभीर मामले सामने आ चुके हैं। सतनवाड़ा थाना क्षेत्र के डोंगर गांव में एक वृद्ध पर बाघिन ने हमला किया था, जबकि सुरवाया के सरदारपुर गांव में एक गाय को शिकार बना लिया गया था। इन घटनाओं के बाद से ग्रामीणों में डर और भी गहरा हो गया है। लगातार खेतों और बस्तियों के पास बाघिन की मौजूदगी से किसान खेतों पर जाने से कतरा रहे हैं।

## मुरम एवं बोल्डर खनिज के अवैध उत्खनन सिद्व पाए जाने पर

# तीन आरोपियों पर 54 करोड़ 58 लाख रूपए से अधिक का जुर्माना

**जागरण, शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा तहसीलदार करैरा के प्रतिवेदन एवं खनिज विभाग शिवपुरी के प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदकगण भावेश गोयल, वीनस गोयल, राजेश गोयल पुत्रगण मनीराम गोयल निवासी करैरा पर कस्वा करैरा के सर्वे नं.1898 के भाग में 1,81,944 घनमीटर मुरम/बोल्डर खनिज के अवैध उत्खनन सिद्ध पाये जाने पर 54 करोड़ 58 लाख 32 हजार रूपए की शास्ति अधिरोपित की है। उक्त राशि प्रशमन नही करने की दशा में खनि अधिकारी के प्रस्ताव अनुसार म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के अध्याय-पांच के नियम 18 एवं प्रशमन न करने पर नियम 18(5) उपनियम (2) के उल्लंघन की स्थिति में रॉयल्टी का 15 गुना अर्थदंड राशि 13,64,58,000 रूपए, पर्यावरण क्षतिपूर्ति की राशि 13,64,58,000 रूपए कुल राशि 27,29,16,000 रूपए की दोगुनी राशि 54,58,32,000 रूपए की शास्ति अधिरोपित की गई है।

उक्त अधिरोपित राशि संबंधित द्वारा आदेश दिनांक से 30 दिवस में खनिज मद 0853 में जमा की जाए। अनावेदक को आदेश की अपील हेतु नियमानुसार समय सीमा की पात्रता होगी। निर्धारित समयावधि के उपरांत अधिरोपित राशि जमा न करने की स्थिति में नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी। अनुविभागीय अधिकारी करैरा को निर्देशित किया जाता है कि प्रश्नाधीन भूमि की स्थल एवं खसरा अभिलेख से जांच करें, यदि मौके पर कोई अवैध कॉलोनी, खसरे में छोटे भूखण्डों का क्रय-विक्रय पाया जाता है तो म.प्र. नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 339 ग के तहत प्रकरण तैयार कर 15 दिवस में पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

# रात में प्रभारी मंत्री ने घर-घर जाकर परखी बिजली-पानी की व्यवस्था



**शिवपुरी।** आमतौर पर निरीक्षण फाइलों और दफ्तरों तक सिमट जाते हैं, लेकिन गुरुवार रात शिवपुरी में नज़ारा कुछ अलग था। जिले के प्रभारी मंत्री एवं ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर अचानक शहर की गलियों में नजर आए। न कोई मंच, न माइक—सीधे जनता के दरवाजे। मकसद साफ था, बिजली-पानी की व्यवस्था को कागज़ नहीं, जमीन पर परखना। मंत्री ने अलग-अलग कॉलोनियों में घर-घर जाकर दस्तक दी। महिलाओं और बुजुर्गों से बातचीत कर पूछा कि बत्ती जाती तो नहीं? पानी समय पर मिल रहा है या नहीं? कहीं स्ट्रीट लाइट बंद मिली, तो वहीं अधिकारियों को फोन पर फटकार लगी। इस अनौपचारिक निरीक्षण से लोग भी हैरान थे और संतुष्ट भी कि कोई जिम्मेदार रात में उनकी परेशानी सुनने पहुंचा है। सिंध जलावर्धन योजना की पाइपलाइन फूटने से हाल ही में शहर को पानी संकट झेलना पड़ा था। मंत्री ने इस मुद्दे पर सीधे फीडबैक लिया। नागरिकों ने अपनी दिक्कतें खुलकर रखीं। प्रभारी मंत्री ने अफसरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जलापूर्ति में कोई ढिलाई नहीं चलेगी और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके पुख्ता इंतजाम किए जाएं। रात के अंधेरे में मंत्री पोहरी बस स्टैंड स्थित बिजली सब स्टेशन पहुंचे। मशीनों के बीच खड़े होकर उन्होंने तकनीकी स्टाफ से सवाल किए और साफ कहा कि शहर की बिजली व्यवस्था में लापरवाही अब स्वीकार नहीं होगी। निर्बाध आपूर्ति और त्वरित सुधार प्राथमिकता होगी। निरीक्षण से पहले प्रभारी मंत्री गांधी पार्क में लगे स्वदेशी मेले में भी पहुंचे। लोकगीतों और स्वदेशी उत्पादों के बीच उन्होंने संस्कृति से संवाद किया। यह दौरा सिर्फ व्यवस्था की जांच नहीं था, बल्कि यह संदेश भी था कि जब जिम्मेदारी हो, तो सत्ता को रात में भी जनता के साथ खड़ा होना चाहिए।

# फ्रूट गोदाम में लगी भीषण आग एक करोड़ का माल स्वाहा

## कर्ज में डूबा व्यापारी, जांच में जुटा प्रशासन



**जागरण, शिवपुरी।** शहर में बुधवार देर रात एक बड़ी आगजनी की घटना ने थोक फल कारोबारियों को गहरा झटका दे दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत होटल ग्रीन व्यू के पास स्थित एक फरूट गोदाम में तड़के करीब 3 बजे अचानक भीषण आग भड़क उठी। कुछ ही मिनटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और गोदाम में रखा लाखों का फल स्टॉक लपटों में घिर गया।

सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आग की तीव्रता इतनी ज्यादा थी कि उस पर काबू पाने में सुबह तक कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, तब तक गोदाम पूरी तरह तबाह हो चुका था। पीड़ित व्यापारी चंदन खटीक ने बताया कि वे अपने पार्टनर इकबाल खान के साथ थोक फरूट का व्यवसाय करते हैं। गोदाम में करीब 20 लाख रुपये के इंपोर्टेड सेब, 20 लाख रुपये के हिमाचल सेब, लगभग 7 लाख रुपये के केले, लाखों रुपये की कीवी सहित अन्य मौसमी फलों का बड़ा स्टॉक रखा था। आग की चपेट में आकर सारा माल खराब हो गया। आग ने सिर्फ फल ही नहीं, बल्कि गोदाम में बने कोल्ड चैंबर, फर्नीचर, एसी, बिजली उपकरण और अन्य जरूरी संसाधनों को भी पूरी तरह नष्ट कर दिया। व्यापारियों के अनुसार, यह स्टॉक बाजार में सप्लाई के लिए तैयार था। चंदन खटीक ने बताया कि कारोबार बैंक लोन के सहारे चल रहा था और कई व्यापारियों का भुगतान अभी शेष है। बैंक की किश्तें भी नियमित चल रही हैं। इस भीषण आगजनी से करीब एक करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस और संबंधित विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

# कलेक्ट्रेट के पास बुजुर्ग ट्रांसफार्मर पर चढ़ा, जमीन विवाद और सुनवाई न होने से परेशान, पुलिस की समझाइश पर उतरा



**जागरण, शिवपुरी।** शहर में गुरुवार दोपहर कलेक्ट्रेट के पास एक बुजुर्ग व्यक्ति बिजली के ट्रांसफॉर्मर के खंभे पर चढ़ गए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। बेटों के बीच जमीन विवाद और सुनवाई न होने से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया। करीब आधे घंटे बाद कोतवाली पुलिस की समझाइश के बाद बुजुर्ग नीचे उतरने को राजी हुए।

मौके पर मौजूद लोगों ने जब उनसे नीचे उतरने का आग्रह किया, तो बुजुर्ग ने अधिकारियों को बुलाने की जिद करते हुए इनकार कर दिया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और समस्या के समाधान का आश्वासन दिया, जिसके बाद बुजुर्ग नीचे उतरे। पुलिस बुजुर्ग को कोतवाली लेकर पहुंची, जहां उन्होंने अपनी पहचान सतनवाड़ा थाना क्षेत्र के अर्जुनगवा गांव निवासी के रूप में बताई। बुजुर्ग ने बताया कि उनके पांच बेटे हैं और उनके पास करीब साढ़े 22 बीघा जमीन है। बेटों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर अक्सर झगड़ा होता है, जबकि उन्होंने अभी तक बंटवारा नहीं किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बेटे इसी बात पर उन्हें धमकाते और विवाद करते हैं। बुजुर्ग का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में पहले पुलिस में शिकायत की थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई।

बाद में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने पर उनके बेटों ने उन्हें %पागल% घोषित करवाकर गांव में पंचनामा तैयार करवा दिया और शिकायत को शून्य करवा दिया। इसके बाद उन्होंने एसपी और कलेक्टर से भी संपर्क किया, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। अब दोबारा बेटों द्वारा बंटवारे का दबाव बनाए जाने से आहत होकर वह जिला मुख्यालय पहुंचे और यह कदम उठाया। कोतवाली पुलिस ने बुजुर्ग को समझाइश दी और उन्हें घर भेज दिया।

# पुलिस ने दिलीप आदिवासी हत्याकांड में फरार दो आरोपियों को किया गिरफ्तार




**जागरण, शिवपुरी।** भौंती थाना क्षेत्र में हुए दिलीप आदिवासी हत्याकांड का पुलिस ने बड़ा खुलासा करते हुए फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चौकी खोड़ थाना भौंती पुलिस ने हत्या के अपराध क्रमांक 395/25 में वांछित फूल सिंह आदिवासी एवं तुलसीराम आदिवासी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में दहशत फैलाने वालों को पुलिस ने कड़ा संदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने लगातार दबिश देकर आरोपियों की तलाश की। अंततः 8 जनवरी 2026 को दोनों फरार आरोपियों को ग्राम खेरोना थाना भौंती क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस के अनुसार, 20 दिसंबर 2025 को ग्राम खेरोना में पुरानी रंजिश के चलते फूल सिंह आदिवासी, पदम आदिवासी, बबलू आदिवासी, अमर सिंह आदिवासी, मेघा आदिवासी, तुलसीराम आदिवासी एवं ऊषा आदिवासी हाथों में लाठी-डंडे लेकर दिलीप आदिवासी के घर पहुंचे। आरोप है कि मां-बहन की अश्लील गालियां देते हुए सभी ने दिलीप के साथ बेरहमी से मारपीट की और मौके से फरार हो गए। परिजन गांव में ही इलाज कराते रहे, लेकिन 28 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 5 बजे दिलीप आदिवासी की मौत हो गई। फरियादिया कमला आदिवासी की रिपोर्ट पर थाना भौंती में अपराध क्रमांक 395/25 धारा 103(1), 190, 191(2), 191(3) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। हत्या जैसे गंभीर अपराध को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में फरार चल रहे फूल सिंह आदिवासी (47 वर्ष) एवं तुलसीराम आदिवासी (45 वर्ष) को दबोच लिया गया। इस सफलता में निरीक्षक घनश्याम भदौरिया (थाना प्रभारी भौंती), उनि कुसुम गोयल (चौकी प्रभारी खोड़), सउनि मुनेन्द्र सिंह भदौरिया, आरक्षक रवि शर्मा, सैनिक हनुमंत सिंह, भागीरथ एवं निकिल की अहम भूमिका रही।

### लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर बीएलओ निलंबित

**शिवपुरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर प्राथमिक विद्यालय तिजारपुर के प्रा.शिक्षक एवं बीएलओ धर्मेन्द्र सिंह यादव को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण, अपील) नियम 1966 के नियम 09 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उक्त बीएलओ धर्मेन्द्र सिंह द्वारा एसआईआर सर्वे के दौरान मतदाता कारी पुत्री हरिराम केवट निवासी ग्राम तिजारपुर तहसील पिछोर का नाम मतदाता सूची से विलोपित कर दिया गया है जबकि इससे पूर्व की मतदाता सूची में मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज था। अतः मतदाता सूची पुनरीक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में घोर लापरवाही एवं अनियमितता बरतने पर संबंधित बीएलओ के विरूद्ध उक्त निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलबंन अवधि में श्री यादव का मुख्यालय कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र-25-शिवपुरी रहेगा।

जागरण गुना
गुना, 9 जनवरी, 2026 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com

### नर्मदापुरम को भिक्षा वृत्ति मुक्त बनाने का प्रस्ताव

**जागरण, इटारसी।** धार्मिक नगरी नर्मदापुरम को अब केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्माइल बेगरी स्कीम' से जोड़ने की कवायद तेज हो गई है। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा की मांग पर मध्यप्रदेश शासन ने भारत सरकार को औपचारिक पत्र लिखकर इस जिले को योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय, भोपाल से 23 दिसंबर 2025 को जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि नर्मदापुरम एक प्रमुख धार्मिक केंद्र है।

### नर्मदापुरम की टीम बनी हॉकी चैंपियन

**जागरण, इटारसी।** छिंदवाड़ा में राज्य स्तरीय 7-ए साइड हॉकी प्रतियोगिता में हॉकी नर्मदापुरम की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर खिताबी जीत हासिल की है। रोमांचक फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम ने मेजबान छिंदवाड़ा बी की टीम को 5-3 के गोल से पराजित कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। हॉकी कोच कन्हैया गुरयानी ने बताया कि विजेता टीम के इटारसी लौटने पर खेल प्रेमियों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

# अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वालों को चेतावनी

## कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी, कॉलोनाइजरों को भी नसीहत, कसी नकेल

**जागरण, गुना।** जिला प्रशासन ने संपत्ति खरीदने वाले नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी करते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थान या कॉलोनी में प्लाट खरीदने से पहले भूमि की पूरी जांच-पड़ताल अनिवार्य रूप से की जाए।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने स्पष्ट किया है कि नागरिक अवैध कॉलोनियों में निवेश करने से बचें क्योंकि ऐसी जगहों पर प्लाट लेने से न तो बैंक लोन की सुविधा मिल पाती है और न ही बिजली, पानी व सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होती हैं। कई मामलों में नागरिकों को प्लाट का कब्जा तक नहीं मिल पाता, इसलिए किसी भी सौदे से पहले यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि संबंधित कॉलोनी पूरी तरह वैध है। इसी क्रम में जिले के समस्त कॉलोनाइजरों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे अपनी-अपनी कॉलोनी साइट पर एक बड़ा सूचना पटल अनिवार्य रूप से लगाएं जिस पर कॉलोनाइजर का रजिस्ट्रेशन नंबर, टीएनसीपी की मंजूरी का क्रमांक, डायवर्जन की स्थिति और मूल भूमि स्वामी का नाम व रजिस्ट्री क्रमांक स्पष्ट रूप से अंकित हो। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे केवल उन्हीं कॉलोनियों में निवेश करें जहाँ सभी प्रशासनिक स्वीकृतियां मौजूद हों और निर्माण कार्य भी भवन अनुज्ञा लेकर ही प्रारंभ करें। साथ ही जिले के सभी एसडीएम को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्रों में विकसित हो रही कॉलोनियों की निरंतर निगरानी करें और जो कॉलोनाइजर अपनी साइट पर जानकारी प्रदर्शित करने वाले बोर्ड नहीं लगाते हैं या अवैध रूप से कॉलोनी काट रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



# सड़क हादसे में घायल दो युवकों के लिए देवदूत बनी डायल-112



**जागरण, गुना।** जिले के कैंट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बरखेड़ा-खेजड़ा रोड पर बीते दिन दो मोटर साइकिलों की आमने-सामने की भिड़ंत में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को सूचित किया गया, जहाँ से तत्काल कैंट थाना क्षेत्र में तैनात एफआरवी वाहन को मौके पर रवाना किया गया। घटनास्थल पर पहुँचे डायल-112 के स्टाफ आरक्षक विकास राजपूत और पायलट वीरेंद्र यादव ने देखा कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर लहूलुहान अवस्था में पड़े थे। समय की नजाकत को समझते हुए पुलिस जवानों ने एम्बुलेंस का इंतजार करने के बजाय त्वरित कार्रवाई की और दोनों घायलों को अपने ही वाहन से जिला चिकित्सालय गुना पहुँचाया। जवानों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराकर तत्काल उपचार शुरू करवाया।

## संक्षिप्त न्यूज

### बाबड़ी वाले हनुमान मंदिर से ध्वज यात्रा निकाली

**राघोगढ़।** बाबडी वाले हनुमान मंदिर से पूजा अर्चना के बाद धर्म ध्वजा यात्रा ढोल डीजे के निकाली गई धर्म ध्वजा यात्रा में में साधू संतो के साथ गाडरवारा धाम के गुरू दीपक पारीक बाबडी वाले हनुमान मंदिर के पुजारी भगवान पारीख शामिल हुए धर्म ध्वजा यात्रा नगर के मुख्य मार्ग से गुजरा यात्रा का भव्य स्वागत एवं जगह पुष्प वर्षा किया गया विराट हिंदू समागम 18 जनवरी 2026 आईटीआई परिसर में किया जाएगा कार्यक्रम का समापन बावड़ी वाले हनुमान मंदिर पर किया गया इस अवसर पर अनेक भक्त कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### एनसीसी कैडेट्स ने जानी ग्रीन हाइड्रोजन की ताकत

**गुना।** 35वीं वाहिनी एनसीसी शिवपुरी के कमान अधिकारी कर्नल विजयवीर सिंह दहिया के आदेशानुसार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.के. तिवारी की अनुमति से एनसीसी %डी% कंपनी गुना द्वारा एक विशेष व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। सामाजिक सेवा एवं सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य विषय राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन रहा। महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता कैप्टन मनोज कुमार भिरोरिया ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कैडेट्स को हरित हाइड्रोजन की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने विस्तार से बताया कि राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन क्या है और वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में इसकी क्या उपयोगिता है। उन्होंने समझाया कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और कार्बन उत्सर्जन कम करने में वैकल्पिक ऊर्जा के रूप में ग्रीन हाइड्रोजन कैसे क्रांतिकारी साबित हो सकता है।

### 112 छात्रों ने मॉडल और नवाचारों से पेश की भविष्य की झलक

**राघौगढ़।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) राघौगढ़ में गुरुवार को विकासखंड स्तरीय विज्ञान, गणित, पर्यावरण एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। इस शैक्षिक मेले में विकासखंड के सभी जन शिक्षा केंद्रों के लगभग 112 छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने अपनी सृजनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहकर विज्ञान, गणित और पर्यावरण से जुड़े विविध वर्किंग मॉडल, प्रोजेक्ट और चार्ट प्रस्तुत किए। नवाचारी प्रयोगों के साथ-साथ छात्रों ने शैक्षिक गीतों और लघु नाटिकाओं के माध्यम से सामाजिक सरोकारों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को जीवंत किया। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति ने बच्चों के उत्साह को दोगुना कर दिया। प्रदर्शनी का सूक्ष्म मूल्यांकन शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी विद्यालय राघोगढ़ की श्रीमती कविता ओझा एवं श्रीमती ममता रमन सहित शिक्षकगणों द्वारा किया गया।

### श्री श्रम स्टार योजना में शामिल हों दुकानदार

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिले के सभी दुकानदारों और व्यापारिक संस्थानों से शासन की श्री श्रम स्टार रेटिंग योजना के तहत पोर्टल पर आवेदन करने की विशेष अपील की है। कलेक्टर ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत दुकानदार पोर्टल पर अपने उत्पादों की जानकारी, उनकी गुणवत्ता और संस्थान में कार्यरत श्रमिकों के विवरण अपलोड कर सकते हैं। यह प्रक्रिया पूरी तरह से दुकानदारों के हितों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है, जिससे न केवल उनके उत्पादों की बिक्री बढ़ेगी, बल्कि उन्हें कार्यप्रणाली के आधार पर 5 स्टार तक रेटिंग भी प्राप्त होगी।

### पीएम श्री विद्यालय में पुलिस ने यातायात नियमों की दी जानकारी

**गुना।** पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले में सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में डीएसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार दीक्षित के पर्यवेक्षण में यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक अजयप्रताप सिंह ने अपनी टीम के साथ केंट स्थित पीएम श्री कन्या विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भावी पीढ़ी, विशेषकर छात्राओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान यातायात थाना प्रभारी अजय प्रताप सिंह ने विद्यालय की लगभग 250 छात्राओं को संबोधित करते हुए यातायात नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित चलने के नियम, यातायात संकेतों की पहचान, जेब्रा क्रॉसिंग के सही उपयोग और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट व कार में सीट बेल्ट की अनिवार्यता के बारे में प्रभावशाली ढंग से समझाया। छात्राओं को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया गया कि तेज गति, लापरवाही से वाहन चलाना और गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करना कितना घातक सिद्ध हो सकता है। छात्राओं को संदेश देते हुए टीआई ट्रैफिक ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल दंड से बचने के लिए नियमों का पालन करना नहीं है, बल्कि यह अपने और दूसरों के जीवन की रक्षा का संकल्प है।

### एरियर न मिलने पर कचरा वाहन चालकों का कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल

# 12 हजार 500 की जगह मिल रहे छह हजार महिला अध्यक्ष के खिलाफ लगाए अभद्र नारे

**जागरण, गुना।** गुरुवार को गुना में दो अलग-अलग संगठनों ने कलेक्ट्रेट में हल्लाबोल किया। इस दौरान नगरपालिका की कचरा गाड़ी चलाने वाले वाहन चालक और हेल्परों ने महिला नगरपालिका अध्यक्ष पर कई आरोप लगाते हुए स्तरहीन नारेबाजी कर डाली। यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे दैनिक वेतन भोगी, आउटसोर्स एवं कार्यभारित कर्मचारी एकता यूनियन सीटू ने अब आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है। डोर-टू-डोर कचरा वाहनों पर तैनात हेल्परों और चालकों ने न्यूनतम वेतन न मिलने और एरियर भुगतान में देरी के विरोध में शहर में विशाल रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। सीटू पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में आउटसोर्स कर्मचारियों ने शहर की सड़कों पर रैली निकाली। इस दौरान कर्मचारी प्रशासन और नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां सहायक श्रम पदाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सीटू नेताओं ने नगर पालिका प्रशासन और विशेष रूप से अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यूनियन का कहना है कि मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में श्रम आयुक्त के निर्देश पर एरियर मिल चुका है, लेकिन गुना में फाइल अटकी हुई है। यूनियन ने श्रम आयुक्त के नियमों का हवाला देते हुए बताया कि किसी भी कर्मचारी को 12,150 रुपए से कम न्यूनतम वेतन नहीं दिया जाना चाहिए। इसके विपरीत, गुना में कचरा गाड़ियों के हेल्परों को मात्र 6 से 7 हजार रुपये ही दिए जा रहे हैं। वर्तमान में शहर के 37 वार्डों में 42 वाहन चालक कार्यरत हैं, जिनका प्रति चालक 21,590 रुपए का एरियर बकाया है। रैली के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ की गई नारेबाजी अब शहर में चर्चा का विषय बन गई है। आमजन के बीच यह चर्चा है कि कर्मचारियों की मांगें तो जायज हैं, लेकिन एक महिला अध्यक्ष के विरुद्ध की गई नारेबाजी का स्तर गरिमापूर्ण नहीं था।



### बिजली कंपनी के पेंशनरों का हल्लाबोल

मध्यप्रदेश विद्युत सेवा निवृत्त कर्मचारी संघ के बैनर तले गुरुवार को बड़ी संख्या में पेंशनर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपनी लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने प्रदेश सरकार और बिजली कंपनियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि वर्षों बीत जाने के बाद भी उनकी जायज मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से साल 2015 की एक याचिका और विद्युत नियामक आयोग के उस आदेश का हवाला दिया गया है, जिसमें विद्युत मंडल के पेंशनरों के लिए 50 हजार करोड़ रुपये के समर्पित कोष निर्माण करने के निर्देश दिए गए थे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस कोष का उद्देश्य पेंशन भुगतान में आने वाली तकनीकी और वित्तीय रुकावटों को दूर करना था, लेकिन सरकार और बिजली कंपनियों ने अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। पेंशनरों ने आर्थिक नुकसान का मुद्दा उठाते हुए कहा कि उन्हें अभी तक 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है। साथ ही, 7वें वेतनमान का लाभ जो 1 जनवरी 2016 से मिलना था, उसे 1 अप्रैल 2018 से लागू किया गया। कर्मचारियों की मांग है कि इस बीच की अवधि का भुगतान एरियर के रूप में तत्काल किया जाए। इसके अलावा, संघ ने कैशलेस इलाज योजना के आदेश जारी न होने और धारा 49 (6) को समाप्त करने जैसी अन्य महत्वपूर्ण मांगें भी उठाई हैं। पेंशनरों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया, तो वे अपने आंदोलन को और अधिक उग्र करने के लिए बाध्य होंगे। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में सेवा निवृत्त कर्मचारी और संघ के सदस्य उपस्थित रहे।

### मधुसूदनगढ़ में 5.5 हेक्टेयर मूल्यवान वन भूमि को कराया मुक्त

**मक्सूदनगढ़।** मुख्य वनसंरक्षक शिवपुरी के मार्गदर्शन, वनमंडलाधिकारी गुना अक्षय राठौर एवं उप वनमंडलाधिकारी इन्दरसिंह धाकड़ के निर्देशन में विभाग द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा रही है। इसी कड़ी में आज 8 जनवरी 2026 को वन परिक्षेत्र मक्सूदनगढ़ में बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराधियों के कब्जे से लगभग 5.5 हेक्टेयर वन भूमि वापस ली गई। वन परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा एवं स्टाफ की मौजूदगी में बीट मक्सूदनगढ़ (ब) के कक्ष क्रमांक पी 770 एवं कक्ष क्रमांक पी 787 में यह कार्रवाई की गई। मक्सूदनगढ़ नगर के नजदीक स्थित इस बेशकीमती वन भूमि पर अतिक्रमणकारियों ने बागड़ लगाकर अवैध कब्जा कर रखा था। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर बागड़ को पूरी तरह हटा दिया और भूमि को सुरक्षित करने के लिए अतिक्रमणरोधी कन्टूर ट्रंच खोदी गई। इस कार्रवाई के माध्यम से अपराधियों को वन भूमि से बेदखल कर दिया गया। इस सफल अभियान में परिक्षेत्र अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा के साथ कैलाशनारायण भील, कोमल बाथम , मनीष तिवारी शामिल रहे। साथ ही पवन मीना, गोपाल मीना, रामबाबू भील, लक्ष्मण आदिवासी, दीवानसिंह भील, जयसिंह जाटव, संजय सहरिया, मिथुन मीना, राहुल चौरसिया, मनोज आदिवासी, कृष्णमुरारी सेलर, चक्रपान शर्मा सहित आधा सैकड़ा वन समिति सदस्यों की भूमिका निभाई।

### राघौगढ़ भैंसाना में सनातन चेतना का महासंगम

# 14 वर्षों बाद फिर सजेगा श्री राम महायज्ञ, रहेंगी 108 वेदियां

## विधायक जयवर्धन ने हनुमान आश्रम में देखी व्यवस्थाएं



**जागरण, गुना।** मध्यप्रदेश में सनातन संस्कृति के इतिहास में एक बार फिर नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। लगभग 14 वर्षों बाद भैंसाना स्थित श्री हनुमान आश्रम में श्री राम महायज्ञ (18 से 28 मई 2026) का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह महायज्ञ प्रदेश का प्रथम आयोजन है, जिसमें एक साथ 108 वेदी, 108 अखंड ज्योति, 108 रामायण पाठ एवं 108 श्रीमद्भागवत के मूल पाठ संपन्न होंगे।

इसी क्रम में पूर्व मंत्री एवं राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह हनुमान आश्रम पहुंचे। उन्होंने हनुमान जी महाराज के दर्शन कर परम पूज्य संत ब्रजकिशोर पारिक 'गुड्डा महाराज' से आशीर्वाद लिया और यज्ञनगरी की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके बाद यज्ञशालाओं, श्रद्धालुओं की सुविधा, आवास, भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत बैठक हुई।महायज्ञ की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि सभी पंडाल पूर्णतः प्राकृतिक एवं पारंपरिक सामग्री से बनाए जा रहे हैं, जिनमें कोई रेडीमेड सामग्री नहीं उपयोग की जा रही। यह यज्ञनगरी सतयुग-त्रेता युग की परंपराओं का जीवंत स्वरूप प्रस्तुत कर रही है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट में पहले दिन खेले गए चार मैच

**गुना।** 8 विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले राउंड के मुकाबले आज संपन्न हुए। आयोजक राम कुमार रघुवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन कुल चार मैच खेले गए, जिनमें रोमांच अपने चरम पर रहा। दिन का पहला मुकाबला मटकरी किंग्स बनाम वीकेंड वॉरियर्स क्लब के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए मटकरी किंग्स ने निर्धारित 8 ओवरों में 72 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में उतरी वीकेंड वॉरियर्स ने ध्रुव की तूफानी बल्लेबाजी (16 गेंद में 49 रन) की बदौलत मात्र 5 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में मिस्टर मोबाइल बड़ी ने आर्यन क्लब को 37 रनों से करारी शिकस्त दी। अनुराग ने महज 26 गेंदों में 4 छक्कों की मदद से 61 रनों की शानदार पारी खेली, जिससे टीम ने 105 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। तीसरे मैच में र.इ.ट. स्कूल क्लब ने आरव क्लब के खिलाफ 28 रनों से जीत हासिल की। र.इ.ट. के केशव ने अपनी 15 गेंदों की पारी में 5 गगनचुंबी छक्के जड़कर 34 रन बनाए और टीम का स्कोर 111 रनों तक पहुंचाया। नदीम क्लब बनाम वैदिक फैशन क्लब के बीच रहा। नदीम क्लब ने 64 रनों का लक्ष्य दिया था। मैच की अंतिम गेंद पर बल्लेबाज राहुल सैनी ने आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर अपनी टीम को 6 विकेट से अविश्वसनीय जीत दिलाई।

### गुलाब के फूलों के अंतरराष्ट्रीय निर्यात की तैयारी

# गुना के गुलाब अब अरब देशों में भी महकेंगे

## कलेक्टर ने किया आरोन के गुलाब कलस्टर का निरीक्षण



**जागरण, गुना।** जिला प्रशासन गुना के गुलाबों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने के लिए ठोस रणनीति पर काम कर रहा है। कलेक्टर किशोर कन्याल ने विगत दिवस उद्यानिकी विभाग द्वारा गुना एवं आरोन विकासखंड के चयनित ग्रामों में विकसित किए जा रहे 20 एकड़ के नवीन गुलाब पॉलीहाउस क्लस्टर का जमीनी निरीक्षण किया।

कलेक्टर कन्याल ने क्लस्टर के प्रमुख केंद्र आरोन विकासखंड के ग्राम रिजौदा का दौरा किया। यहाँ उन्होंने किसानों द्वारा लगभग 5 एकड़ क्षेत्र में तैयार किए जा रहे आधुनिक पॉलीहाउस इकाइयों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों, उप संचालक उद्यान एवं निर्माण एजेंसी से सीधा संवाद कर कार्यों की प्रगति जानी। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बनाने के लिए उच्च गुणवत्ता ही सबसे बड़ा आधार है। गुना के गुलाब उत्पादक किसान अब सीधे अरब देशों में फूलों के निर्यात की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए किसानों ने अंतरराष्ट्रीय खरीदारों से संपर्क स्थापित कर लिया है और निर्यात लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इससे गुना के गुलाबों के लिए विदेशी बाजारों के द्वार खुलेंगे और क्षेत्र के किसानों की आय में वृद्धि होगी।

### वैज्ञानिक तकनीक कोल्ड चेन मैनेजमेंट पर जोर

उप संचालक उद्यान के.पी.एस. किरार ने किसानों को कटाई के बाद फूलों की ताजगी बरकरार रखने के लिए इंटीग्रेटेड पैक हाउस, कोल्ड रूम और रेफ्रिजरेटेड वैन के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि गुना से जयपुर एवं अन्य बड़े शहरों तक सुरक्षित परिवहन के लिए कोल्ड चेन मैनेजमेंट अनिवार्य है। पॉलीहाउस में खेती को और अधिक आधुनिक बनाने के लिए किसानों को सेंसर आधारित ऑटोमेशन फर्टिगेशन सिस्टम अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस तकनीक से तापमान, आर्द्रता, सिंचाई और पोषक तत्वों का वैज्ञानिक रूप से नियंत्रण किया जा सकेगा।

### राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी, कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से दिए निर्देश

# कोर्ट और ऑफिस में उपस्थिति अनिवार्य, लापरवाही पर जुर्माना

**जागरण, गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने राजस्व अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर कड़े तेवर दिखाए हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय राजस्व समीक्षा बैठक में उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासन, पारदर्शिता और त्वरित निर्णय ही प्रशासन की पहचान होनी चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर अखिलेश जैन सहित जिले के सभी एसडीएम और तहसीलदार मौजूद रहे।

कलेक्टर ने कोर्ट टाइमिंग फिक्स न होने पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व अधिकारी निर्धारित समय पर कोर्ट हियरिंग करें। लॉ एंड ऑर्डर की आपात स्थिति को छोड़कर अधिकारियों का अपने कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए ई-ऑफिस प्रणाली पर जोर दिया गया, जिससे फाइलों के निस्तारण का समय 3 घंटे से घटकर महज 30 मिनट रह गया है। लोक सेवा केंद्र के माध्यम से प्राप्त होने वाले आवेदनों को लेकर कलेक्टर ने सख्त हिदायत दी है। यदि सिटीजन चार्टर की समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण नहीं होता है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी पर 250 रुपये प्रतिदिन के मान से पेनल्टी लगाई जाएगी। वहीं, सीएम हेल्पलाइन के 50 दिनों से अधिक लंबित प्रकरणों को भी संतुष्टिपूर्ण ढंग से बंद करने के निर्देश दिए गए।




### अवैध उत्खनन और वसूली पर कड़ा प्रहार

सरकारी राजस्व की हानि रोकने के लिए कलेक्टर ने अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों में कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। लंबित आरआरसी प्रकरणों और जिला सहकारी बैंक के कुर्की मामलों में तेजी लाने को कहा गया। साथ ही, नरवाई जलाने वाले किसानों पर लगाए गए जुर्माने की राशि भी तत्काल वसूलने के निर्देश दिए गए। भूमि विवादों के निपटारे के लिए मोबाइल कोर्ट को सक्रिय कर साप्ताहिक मॉनिटरिंग की जाएगी।

### अवैध कॉलोनियों पर कसा शिकांजा

शहर में अतिक्रमण हटाने के लिए राजस्व, पुलिस और नगर पालिका का एक संयुक्त दल गठित किया जाएगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी कॉलोनाइजरों को अपनी कॉलोनी में अनिवार्य रूप से सूचना बोर्ड लगाना होगा। बोर्ड न लगाने वाले कॉलोनाइजरों पर सख्त कार्रवाई होगी। कलेक्टर ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने से बचें। जमीन खरीदने से पहले पूरी जांच-पड़ताल करें और भवन अनुमति लेकर ही नियमानुसार निर्माण कार्य शुरू करें।

# लक्ष्मण सिंह ने सुनी समस्याएं

**जागरण, राघौगढ़।** पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह द्वारा नगरपालिका परिषद के वार्ड क्रमांक 01 में भ्रमण किया गया। जहां वह वार्डवासियों से रूबरू हुए और उनकी परेशानी सुनी। वार्ड 1 में मेर मोहल्ले में जाकर लक्ष्मण सिंह को वार्डवासियों द्वारा नलों से गंदे पानी आने की शिकायत की। एक युवक द्वारा अपने घर से गंदे पानी का बर्तन भरकर लाया, जिसे पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह द्वारा पानी को हाथ में लेकर खुद पिया। नलों से आ रहा गंदा पानी पीकर लक्ष्मण सिंह ने काफी चिंता जाहिर की और नगरपालिका के वाटर सिस्टम पर काफी सवाल खड़े किए। लक्ष्मण सिंह ने कहाकि नपा द्वारा गोपीकृष्ण सागर डेम पर जब फिल्टर प्वाइंट बनाया गया है इसके बावजूद भी वार्डों में गंदा पानी आ रहा है।

सूचना
गुना जिले के मधुसूदनगढ़ में दैनिक जागरण
समाचार, प्रतियों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
दैनिक जागरण
लकी किंजल न्यूज एजेंसी
सुनील शर्मा
मो.-9425648656